भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1061

उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं की विश्वसनीयता

†1061. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन हेतु प्रभावी उपाय सुझाने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने डॉ. के. राधाकृष्णन, पूर्व अध्यक्ष इसरो और अध्यक्ष शासी बोर्ड, आईआईटी कानपुर की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की है, जो परीक्षा प्रक्रिया तंत्र में सुधार, डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना तथा कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी।

इसके अलावा, लोक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 लागू किया है। यह अधिनियम दिनांक 21 जून, 2024 से लागू हो गया है और इसके तहत दिनांक 23 जून, 2024 को नियम भी अधिसूचित किए गए हैं। अधिनियम के तहत अपराध करने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं।

****